प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुनियादी ढांचे की निर्माण परियोजनाओं को पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा की दृष्टि से किफायती बनाने पर दिया बल।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा– मोदी सरकार हमेशा युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्रनिर्माण के लिए रही समर्पित।
- भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निर्धारित सीमा से अधिक ऋण लेने का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा की चारों व विधानसभा की सभी 6 सीटों पर जीत का किया दावा।

राष्ट्रपति बुनियादी ढांचा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुनियादी ढांचे की निर्माण परियोजनाओं को पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा की दृष्टि से किफायती बनाने पर जोर दिया है। आज दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी इंजीनियरों के समूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इमारतें, सडकें और अन्य आधारभूत ढांचे को टिकाऊ, ऊर्जा की दृष्टि से कम खर्चीला व पर्यावरण अनुकूल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों को अपने दृष्टिकोण में नवाचारी होना चाहिए ताकि वे उभरती चुनौतियों का प्रभावशाली ढंग से सामना कर सकें। राष्ट्रपति ने युवा इंजीनियरों को सलाह दी कि वे अलग–थलग न रहें बल्कि सहयोगात्मक, दूरदर्शी और टैक्नॉलॉजी आधारित दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोट जैसी नई व उभरती तकनीकें सोचने विचारने के पारम्परिक तरीके में बाधा पहुंचा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल निर्माण समय की आवश्यकता है और निर्माण के नवाचारी तरीकों से इस क्षेत्र में बदलाव लाने की क्षमता है।

अनुराग ठाकुर

सूचना व प्रसारण मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार हमेशा युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रही है। नई दिल्ली से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि आज का युवा भारत की वो पीढ़ी है जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक ले जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से बिना किसी सरकारी सहायता के उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में युवाओं पर केन्द्रित कई कार्यक्रम चलाए हैं जिनका उन्हें लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ, सांसद भारत दर्शन और एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम ने संसदीय क्षेत्र के युवाओं के हौंसलों को नई उड़ान दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के साथ ही उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर और हिमाचल से नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए उन्होंने नशामुक्त और सुरक्षायुक्त अभियान की शुरूआत की है जिसमें युवाओं को अभियान का ब्रांड एम्बैस्डर बना कर उन्हें हैलमेट भी दिए गए हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि सांसद भारत दर्शन योजना के तहत हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को भारत भ्रमण करवाया जा रहा है ताकि वे देश में चल रही नई तकनीकों को जान कर अपना करियर बना सकें। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल को सदा अपना दूसरा घर माना है और छोटे से पहाड़ी राज्य को उन्होंने भरपूर मदद दी है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य के संसाधन बढ़ाने की बातें करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर महीने कर्ज लेकर गुजारा कर रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस बार भी सरकार ने निर्धारित लिमिट से ज़्यादा कर्ज लिया है जिसका उसे जवाब देना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि करीब 16 महीने के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने हर महीने एक हज़ार करोड़ से ज़्यादा का कर्ज लिया है और मात्र मार्च महीने में ही सरकार को 3 बार ऋण लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि निर्धारित ऋण सीमा खत्म होने के बावजूद भी सरकार कर्ज ले रही है। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र के साथ–साथ प्रदेश में भी जल्द ही भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार से उसके अपने मंत्री व विधायक ही परेशान हैं जिसका दोष वे भाजपा को दे रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों से परेशान होकर इनके विधायकों ने भाजपा का दामन थामा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा जताया है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश में मौजूदा राजनीतिक उथल–पुथल के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार पूरी तरह फेल है और इनके 15 महीने के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। इस बीच प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में अस्थिर सरकार चल रही है और इस सरकार में किसी भी तरह की विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नकारात्मक परिस्थितियों के लिए मुख्यमंत्री ज़िम्मेदार हैं और हिमाचल सहित पूरे देश में कांग्रेस टू बीजेपी का क्रम जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी बदला–बदली की भावना से कार्य कर रही है।

<u>प्रतिभा सिंह</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मण्डी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी हाईकमान के फैसले को सर्वोपरी बताया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने को लेकर वे अपना पक्ष हाईकमान के समक्ष रख चुकी हैं और जो भी निर्णय पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाएगा वो स्वीकार्य होगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा उपचुनाव में मजबूत प्रत्याशी उतारेगी और जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव में टिकट को लेकर चर्चा हुई है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि आगामी चुनावों में प्रदेश में सरकार और संगठन आपसी तालमेल से कार्य करेंगे और पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को दिल्ली में हाईकमान के साथ बैठक होगी जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी और एक सप्ताह में टिकटों की घोषणा कर दी जाएगी।

कांग्रेस बैठक

प्रदेश में 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव और 4 संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने अपने–अपने कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बना कर जीत हासिल करने के लिए मुहिम शुरू कर दी है। इसी के तहत शिमला संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के चुनाव प्रभारी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में ज़िला अध्यक्षों व अग्रणी संगठनों के प्रमुखों के साथ एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रोहित ठाकुर ने सभी को लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने ज़िलाध्यक्षों को सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ तालमेल और बूथ व बी.एल.ओ. के साथ सीधा संपर्क बनाए रखने को कहा। रोहित ठाकुर ने प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने की बात भी कही। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकसभा की चारों और विधानसभा की सभी 6 सीटों पर अपनी जीत का परचम लहराएगी।

निशांत

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने कहा है कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए कई तरह के अलोकतांत्रिक हथकंडे अपना रही है जिससे देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल जैसे शांत राज्य में धन–बल के सहारे प्रदेश सरकार को भाजपा अस्थिर करने का प्रयास कर रही है लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार अपने 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। निशांत शर्मा ने कहा कि बागियों की एंट्री से भाजपा के कई नेता और आम कार्यकर्ता भी आहत हैं और भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसका कोई भी सिद्धांत नहीं है।

शिकायत

कालका–शिमला फोरलेन निर्माण कार्य के चलते प्रभावित हो रहीं शिमला जिला की तीन पंचायतों शोघी, आनंदपुर और कोट के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप से इसके निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरतने संबंधी शिकायत की और 9 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि कैंथलीघाट से ढली तक निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और रात को भी कार्य जारी है, जिसमें निर्माण कंपनियों द्वारा अनियमितताएं बरती जा रहीं हैं। इन पंचायतों में लोगों की अधिकृत की गई जमीन के अलावा भी खेती योग्य भूमि खराब हो रही है वहीं पेयजल स्त्रोत और रास्ते भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। मामले की जानकारी देते हुए प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि फोरलेन निर्माण के अंतिम फेज में कैथलीघाट से ढली तक बनने वाली 27 किलोमीटर की सड़क निर्माण में अनियमितता के चलते स्थानीय किसान प्रभावित हो रहे है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त ने 15 दिनों में इस मुद्दे पर विशेष रूप से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

बैडमिंटन एसोसिएशन

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के.के शर्मा को लगातार दूसरी बार प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के कल सम्पन्न हुए चुनाव में उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रमेश ठाकुर को लगातार दूसरी बार संगठन का महासचिव और संजय कालिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। ये चुनाव 4 साल के लिए मान्य होंगे। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष के.के शर्मा ने कहा कि वह राज्य में बैडमिंटन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

चालक लापता

कुल्लू ज़िला में मनाली के निकट जगतसुख गांव के साथ लगती पहाड़ी में आज दोपहर अचानक हिमस्खलन होने के कारण वहां एक निर्माणधीन विद्युत प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में लगी जेसीबी सहित चालक लापता हो गया है। पुलिस द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। डी.एस.पी. क्षमादत शर्मा ने बताया कि हिमखंड में लापता 40 वर्षीय जेसीबी चालक राजेश कुमार ज़िला कांगड़ा के मोरछ गांव का निवासी है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुनियादी ढांचे की निर्माण परियोजनाओं को पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा की दृष्टि से किफायती बनाने पर दिया बल।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा— मोदी सरकार हमेशा युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्रनिर्माण के लिए रही समर्पित।
- भाजपा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निर्धारित सीमा से अधिक ऋण लेने का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा की चारों व विधानसभा की सभी 6 सीटों पर जीत का किया दावा।